# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — पंचदश (बजट) सत्र

संख्या-09 — शुक्रवार, दिनांक-01 फरवरी, 2019 ई०।

**समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 5.19 बजे अप० तक ।**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

1. कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

i- माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल एवं श्री कुणाल षडंगी द्वारा नगर निकाय की बैठकों में सांसदों/विधायकों को सम्मिलित नहीं किये जाने सम्बन्धी कार्यस्थगन प्रस्ताव तथा

ii- श्रीमती निर्मला देवी, स०वि०स० द्वारा हजारीबाग जिले के तत्कालीन उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक के विरूद्ध प्रतिकूल अनुशंसायें होने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं किये जाने सम्बन्धी कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं को नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य कर दिया गया।

**2.प्रश्नकाल:-**

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-21**

| | | |
|---|---|---|
| **(क) उत्तरित कुल-05,** | अ० सू०-86 श्री अरुप चटर्जी, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-87 श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-88 श्री राज कुमार यादव, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-89 श्री प्रदीप यादव, | स० वि० स०, |
| | अ० सू०-90 श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स०। |
| (ख) **अनागत कुल-16,** | अ० सू०-91 से अ०सू०-106 तक। | |

**(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-70**

| | | |
|---|---|---|
| **(क) उत्तरित कुल-05,** | तारां०-397 श्रीमती बिमला प्रधान, | स० वि० स०, |
| | तारां०-398 श्रीमती जोबा माँझी, | स० वि० स०, |
| | तारां०-400 श्री जानकी प्रसाद यादव, | स० वि० स०, |
| | तारां०-401 श्री जगरनाथ महतो, | स० वि० स० एवं |
| | तारां०-402 श्रीमती मेनका सरदार, | स० वि० स०। |
| **(ख)अपृष्ठ कुल-02,** | तारां०-399 श्री ढुलू महतो, | स० वि० स० एवं |
| | तारां०-403 श्री मनीष जायसवाल, | स० वि० स०। |
| **(ग)स्थगित मात्र-01,** | तारां०-404 श्री राज किशोर महतो, | स० वि० स०। |
| **(घ)अनागत कुल-62,** | तारां०-405 से तारां०-466 तक। | |

कृ०पृ०उ०

## 3.शून्यकाल :-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा दिये गये शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री जगरनाथ महतो,
श्रीमती निर्मला देवी,
श्री दशरथ गागराई,
श्री नागेन्द्र महतो,
श्री योगेश्वर महतो,
श्री दीपक बिरूवा,
श्री राज कुमार यादव,
श्री जानकी प्रसाद यादव,
श्री नारायण दास,
श्री पौलुस सुरीन,
श्री जय प्रकाश वर्मा,
श्री ताला मराण्डी,
श्री लक्ष्मण टुडू,
श्री केदार हजरा,
श्रीमती गंगोत्री कुजूर,
डॉ॰ इरफान अंसारी,
श्री कुणाल षडंगी,
श्री अरुप चटर्जी,
श्री शिवशंकर उरांव,
श्री बादल,
श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी,
श्री प्रदीप यादव एवं
श्रीमती बिमला प्रधान (प्रश्नगत विषय को संज्ञान में लिया गया)।

## 4.विविध चर्चायें:-

i- माननीय सदस्य, श्री कुणाल षडंगी द्वारा घाटशिला में विद्युत स्पर्शाघात से एक 19 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाये जाने हेतु आग्रह किया गया,

ii- माननीय सदस्या, श्रीमती गीता कोड़ा ने राज्य में रसोईया एवं संयोजिकाओं की 15 सूत्री माँगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किये जाने हेतु आसन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया एवं

iii- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा राज्य के आंदोलनरत होमगार्ड जवानों की माँगों पर विचार किये जाने की ओर आसन के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया।

इसके उपरांत आसन के निदेश से उपर्युक्त सूचनायें माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा संज्ञान में ली गयी।

क्र॰पृ॰उ॰

**5.वित्तीय कार्य:-**

पुकारे जाने पर माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(04) नगर विकास एवं आवास विभाग (नगर विकास प्रभाग), नगर विकास एवं आवास विभाग (आवास प्रभाग), परिवहन विभाग (परिवहन प्रभाग), परिवहन विभाग (नागर विमानन प्रभाग), पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग (कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य प्रभाग) तथा श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सभा में प्रस्तुत किया गया जिसपर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने अपना कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**6.आसन से सूचना:-**

आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों को संसूचित किया गया कि वे सदन में ससमय उपस्थित रहें।

**(अन्तराल)**

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

**(इस अवसर पर माननीय सदस्या, श्रीमती निर्मला देवी ने पुनः हजारीबाग के तत्कालीन उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक पर सम्यक् कार्रवाई नहीं किये जाने की ओर भावुक होकर आसन का ध्यान आकृष्ट किया। जिसे सरकार द्वारा संज्ञान में लिया गया।)**

**7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-05 से जारी):-**

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय व्ययक में सम्मिलित अनुदान की माँगों पर माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी। इसके उपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया-

श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री चम्पाई सोरेन,
श्री राज सिन्हा,
श्री मनोज कुमार यादव,
श्री नारायण दास,
श्री जय प्रकाश भाई पटेल,
श्री लक्ष्मण टूडु,
श्री भानू प्रताप शाही एवं
श्री अरुप चटर्जी।

तत्पश्चात् पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री, श्री अमर कुमार बाउरी एवं श्रम नियोजन तथा प्रशिक्षण विभाग के माननीय मंत्री, श्री राज पलिवार ने अपने विभाग की उपलब्धियों को सदन के समक्ष रखा तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह ने उत्तर दिया। इसके बाद उपर्युक्त माँगें ध्वनिमत से सभा द्वारा स्वीकृत हुई तथा श्री प्रदीप यादव, स०वि०स० का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

(इस क्रम में पहले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के माननीय सदस्य तत्पश्चात् झारखण्ड विकास मोर्चा के माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव द्वारा विरोधस्वरूप सदन का परित्याग किया गया।)

कृ०पृ०उ०

इसके बाद सभा की कार्यवाही **<u>सोमवार, दिनांक-04 फरवरी, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न</u>** तक के लिए स्थगित की गयी ।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 01 फरवरी, 2019 ई०।